nandgaon times sep-08-2.qxd 9/7/2025 10:56 PM Page 1

छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राम्हण... पृष्ठ 2 | युगांतर में शिक्षक सम्मान समारोह... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 08 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 316, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सीटी स्कैन मशीन मिलने से मेडिकल कालेज नांदगांव में स्वास्थ्य सुविधाओं में हुई बढ़ोत्तरी

## पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना के लिए किया गया भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए आज का दिन गौरवपूर्ण है तथा सीटी स्कैन मशीन मिलने से महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज को 30 करोड़ रूपए की लागत की एमआरआई मशीन मिलेगी, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। वही 2 करोड़ 69 लाख रूपए के ट्रामा सेंटर का आज भूमिपूजन एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने इसके लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निर्णय एवं क्रियान्वयन के लिए सभी के संयुक्त प्रयासों से यह सौगात मिली। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में 17 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शासकीय एवं निजी हॉस्पिटल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। उन्होंने इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लोगों को अधिक से अधिक शामिल होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।



### 17 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव जिले को एक अच्छी सौगात मिली है। सीटी स्कैन मशीन लगने के साथ ही ट्रामा सेंटर का शुभारंभ होने से जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कार्य करने का जुनून हो तो अच्छे कार्य होते है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में भी मेडिकल कालेज का निर्माण किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने राजनांदगांव मेडिकल कालेज को एम्स की तर्ज पर अपने मार्गदर्शन में निर्माण कराया है। उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में विशेष तौर पर कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने पांच मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर-चापा, दन्तेवाड़ा एवं जशपुर में स्वीकृत किए है। जिसका शीघ्र ही शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुपर मल्टीस्पेशिलिटी हास्टिल प्रारंभ किए जा रहे है तथा 17 जिलों में सीटी स्कैन मशीन एवं एमआरआई मशीन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में 30 करोड़ रूपए की लागत से एमआरआई मशीन लगाया जाएगा। बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही है। नक्सलवाद की लड़ाई में घायल जवानों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। नक्सलगढ़ में अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को आने वाले पीढ़ी मानस पटल में स्मरण रख सके इसके लिए आदमकद प्रतिमा का भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही कैजुएल्टी को ध्यान में रखते हुए 2 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से ट्रॉमा सेंटर का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज के विद्यार्थियों के लिए 2 साल का बांड एक वर्ष कर दिया गया है।

# जीएसटी सुधारो से नागरिकों का जीवन बेहतर और सरल होगा - खूबचंद पारख





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री खूबचंद पारख ने जीएसटी सुधारो की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी पूर्ण ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। श्री पारख ने कहा कि जीएसटी की विभिन्न स्लैब दरों में कटौती करके केंद्र सरकार ने आम भारतीय जन के जीवनयापन को हर स्तर पर आसान बना दिया है । श्री पारख ने कहा कि निश्चित रूप से इस निर्णय से भारत की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार आएगा उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जिन व्यापक आर्थिक सुधारो का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने लिया था उसे पूरा किया है श्री पार्क में कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और सुधार के प्रस्ताव से आम लोग,किसान, मध्यम वर्ग,श्रमिक, महिलाएं और युवा लाभवंतित होंगे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से व्यापार व्यवसाय और उद्योगों को राहत मिलेगी इससे नए उद्योगों को नहीं ऊर्जा मिलेगी बिना किसी दबाव और बिना चुनाव के किया गया यह प्रावधान आम आदमी के जीवन को आसान बनाने और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री पारख ने कहा कि आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी में भारी कमी की गई है, इससे रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं, खेती किसानी के उपकरण, खाने पीने की चीज, दवाइयां, शिक्षा सामग्री मनोरंजन की वस्तुए, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक इंप्लाइज भी सस्ते हो जाएंगे, कई आवश्यक वस्तुओं का टैक्स दर अब शून्य कर दिया गया है,जिससे गरीब लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय किसानों को भी लाभ होगा,बीज और फसल के लिए जरूरी पोषक तत्वों पर टैक्स घटाकर पांच फीसदी कर दिया गया है, इससे किसानों की कृषि लागत में कमी आएगी।

**व्यापारी पारदर्शिता से टैक्स जमा करें --पारख**

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक और वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि पहले व्यापारी तर्क दिया करता था कि सरकार ने भारी भरकम जीएसटी लगा दिया है, परंतु अब जीएसटी को मोदी सरकार ने आसान बना दिया है, इसलिए उन्होंने सभी व्यापारियों से निवेदन किया कि सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए पूरा काम बिल में करें और ईमानदारी से टैक्स अदा करें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और हम विश्व में पुन: अपने देश का परचम लहरा सके। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बिना किसी के प्रेशर में जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए स्वत: व्यापारियों को जीएसटी की दरों को कम करते हुए जो लाभ पहुंचाया है, उस पर खरा उतरते हुए व्यापारियो को भी अपना स्वाभिमान दिखाते हुए सरकार के इस पहल को सार्थक करते हुए जीएसटी कलेक्शन को कम नहीं होने देना है ।

# मानव की प्रथम गुरु मां होती हैं : लाल जे के वैष्णव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन भुलाटोला खैरागढ़ में शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन मुख्य अतिथि खैरागढ़ कालेज के लाल जे के वैष्णव सर , अध्यक्षता डॉ. उमेद चन्देल हिन्दी विभाग खैरागढ़ कालेज एवं मनोहर सोनवानी संचालक नेशनल स्कूल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं अतिथियों के स्वागत से शिक्षक सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि खैरागढ़ कालेज के लाल जे के वैष्णव सर ने कहा कि मानव की प्रथम गुरु मां होती हैं । मां जन्म के बाद चलना,पढ़ना,मानव मूल्य संस्कारों को सिखाती हैं। तत्पश्चात स्कूल एवं उच्च शिक्षा हेतु विद्यालय , महाविद्यालय जाकर शिक्षकों से विज्ञान कला वाणिज्य आदि विषयों की ज्ञान शिक्षकों से प्राप्त कर जीवन को सांवरते है। छात्रों के व्यक्तित्व विकास को रेखांकित करते हुए अच्छा नागरिक बनकर देश निर्मित करने में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को बताया। डॉक्टर उमेंद चन्देल ने



नैतिक शिक्षा मूल्यों को आवश्यक बताते हुए गीत के माध्यम से सरल भाषा में शिक्षक के गुणों पर व्याख्यान दिया। शिक्षक दीपक की तरह जलकर ज्ञान के अंधकार को मिटाता है। संचालक नेशनल स्कूल मनोहर सोनवानी प्राचार्य ने शिक्षकों के परिश्रम की तारीफ की एवं कहा कि पालक एवं शिक्षक दोनों के आवश्यक तालमेल से विद्यार्थी सफलता प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम संचालन करते हुए नीलम भारती ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं वैज्ञानिक पद्धति से शिक्षा ग्रहण करने संचार क्रांति के माध्यम का उपयोग कर आगे बढ़ने प्रेरित की। शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में मुख्य अतिथि खैरागढ़ कालेज के लाल जे के वैष्णव सर , डॉ. उमेंद चन्देल का शाला परिवार ने मोमेंटो प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों एवं छात्र छात्राओं ने समस्त शिक्षकों को उपहार भेंट किया। इस अवसर पर पुष्पा तिवारी, नीलम भारती ,रीमा महोबिया, प्रियंका सेन, प्रीति निषाद,अंजू गोस्वामी, दिव्या महोबे,मधु वर्मा, प्रमोद बंजारे रहे। मनोहर सोनवानी संचालक ने अतिथियों, पालकों सहित उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीटी स्कैन मशीन के लोकार्पण पर चैंबर ने आभार जताया

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के मेडिकल कॉलेज में बहु प्रतिक्षित मांग सीटी स्कैन मशीन के आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा लोकार्पण किए जाने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा, ज्ञानचंद बाफना, आलोक बिंदल, भीमन धनवानी, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी , अमर लालवानी, राजकुमार बाफना, शिव अग्रवाल, महामंत्री अरुण डुलानी ने आधुनिक सीटी स्कैन मशीन को राजनंदगांव



मेडिकल कॉलेज में लोकार्पित करने पर डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे गरीब मरीजों को लाभ मिलेगा और गंभीर मर्ज में जांच और बीमारी के निदान में भो आसानी होगी । इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सलाहकार राजा माखीजा,भागचंद गीडिया, प्रशांत कांकरिया, गिनी चावला, योगेश खत्री राजकुमार बाफना, सहित बड़ी संख्या में चेंबर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस आज

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर को देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का समापन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें उल्लास रैली, शपथ, पोस्टर पाम्पलेट, दीवार लेखन, वाद-विवाद, गीत, नृत्य, चित्रकला, संगोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को साक्षरता के महत्व को बताया जा रहा है।

# डोंगरगांव सुपरवाइजर राजपूत, और जिला आबकारी अधिकारी तिवारी का मिलीभगत का खेल


कार्यालय आबकारी आयुक्त (राज्य स्तरीय उड़नदस्ता) छत्तीसगढ़ रायपुर
[illegible]
प्रति,
सहायक आयुक्त आबकारी
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
विषय :- कम्पोजिट मदिरा दुकान डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में कारण प्रकरण के संबंध में।
[illegible]

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लगातार डोंगरगांव शराब दुकान से ओवररेट और मिलावट, एवं कोचियों को अत्यधिक शराब देने का खेल सुर्खियों में है, जिसके कारण डोंगरगांव शराब दुकान की शिकायत लगातार हो रही है, जिसकी शिकायत राजनांदगाव आबकारी विभाग मे पदस्थ आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी से किया गया था,तब पता चला की सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी और डोंगरगांव के सुपरवाइजर राजपुत की सांठ गांठ बहुत तगड़ी है, सुपरवाईजर का आबकारी अधिकारी के घर वे ऑफिसे में काफी आना जाना है तब लोगों ने तंग आकर टोल फ्री और रायपुर आफिस मे शिकायत की, क्योंकि तिवारी जी तो अपने नये जिले के बड़े पद पे सोये हुए है,तब राज्य की उड़नदस्ता छत्तीसगढ़ की टीम ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर कार्यवाही की, और 28/8/25 को कार्यवाही की जिसमे ओवररेट की घटना



पकड़ में आई ,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री राजपूत के कहने पर ओवर रेट किया जा रहा था, और इससे सुपरवाइजर की संलिप्ता दिखती है और ये खेल लम्बे समय से चल रहा है ऐसे रोकने के लिए राजनांदगाव आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी को (3/9/25) लेटर के माध्यम से आदेशित किया गया की सेल्समेन और सुपरवाइजर को ब्लैकलिस्ट किया जाये, और हेड ऑफिस को सूचित किया जाये, लेकिन आबकारी अधिकारी तिवारी ने अपने निजी फायदे के चलते सुपरवाईजर को न तो हटाया न ही ब्लैकलिस्ट किया, क्योकि इससे निजी फायदा बंद हो जाएगा।अभिषेक तिवारी जी का ट्रांसफर कुछ महीने पहले ही बीजापुर से राजनांदगाव हुआ है बीजापुर मे ओवर रेट, की बात मिलावट प्रसिद्ध है, वही चलन वे विधानसभा अध्यक्ष जी और उपमुख्यमंत्री जी के प्रभार वाले जिले में लागू करना चाहते है, इसलिए उच्च अधिकारीयों के आदेश की धज्जिया उड़ाते हुए सुपरवाईजर को ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया न ही हटाया गया, और उसी मदिरा दुकान मे जिसमे वो 7 साल से पदस्थ है न ट्रांसफर किया, इससे ये तो साफ हो गया की छतीसगढ़ मे आबकारी विभाग मे अभिषेक तिवारी से बड़ा अधिकारी अभी कोई नहीं है , इससे साफ पता चलता है कि प्रदेश में उच्च अधिकारीयों का कोई अस्तित्व नहीं है आबकारी विभाग मे।



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गणेश प्रतिमा को नदी एवं तालाबों में विसर्जित करते हुए भक्तगण।

# छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अखण्ड ब्राम्हण समाज द्वारा किया गया राज्य स्तरीय भाग्य विधाता शिक्षक सम्मान संग बौधिक परिचर्चा

## संगठन द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 6 सितंबर को वृंदावन हाल सिविल लाइन में यह आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगाँव जिले से श्रीमती वंदना तिवारी जी को भाग्य विधाता सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया , आप स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल सुकुलदैहान में बायोलॉजी व्याख्याता पद पर पदस्थ है,आपके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेको उत्कृष्ट कार्य किये गये, आप अपने विद्यार्थी जीवन से ही मेघावी व विलक्षण प्रतिभा के धनी है, आपने स्नातकोत्तर की परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात आपके द्वारा औषधिय पौधों पर पुस्तक लिखा गया है इसके अलावा सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी पद पर रहकर समाजोत्थान की दिशा मे अनेकों कार्य किये है जो अनुकरणीय है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे महापौर रायपुर, अतिविशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा विधानी, महापौर बिलासपुर, अध्यक्षता भारती किरण शर्मा प्रदेशाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती हर्षिता पाण्डेय प्रदेश मंत्री भाजपा संगठन, श्रीमती राधा पाण्डेय जी, प्राचार्य संस्कृत कालेज श्री ,श्री प्रकाश दीवान प्रदेशाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, निशा तिवारी प्रदेशाध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ, विजयलक्ष्मी शर्मा संरक्षक,आभा मिश्रा प्रदेश सलाहकार,के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी,मां सरस्वती के पूजा अर्चना कर भाग्य विधाता सम्मान समारोह का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात अतिथि स्वागत उद्बोधन भारती किरण शर्मा जी अध्यक्ष ने शिक्षा सेवाक्षेत्र में जुड़े सभी शिक्षक का अभिनंदन करते हुए राष्ट्रनिर्माता की संज्ञा से संबोधित किया। गुरु शिष्य परंपरा व राष्ट्र निर्माण,नैतिकता सभी



पर अपने व्याख्यान दिये। सभी अतिथि ने अपने उद्बोधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मान में सम्मिलित हुए गुरुजनों व शिक्षा, समाज, राष्ट्र, निर्माण में उनकी भूमिका का वर्णन किया। सम्मान समारोह में अलग अलग जिले से आये 41 शिक्षक/प्राध्यापकों का प्रमाणपत्र,प्रतिकचिन्ह,साल,श्रीफ्ल और गीता देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगाँव के महिला ब्राह्मण समाज से रमा तिवारी, किरण तिवारी, एड.गौरी शर्मा, उर्मिला शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, प्रीति तिवारी, ममता द्विवेदी, अर्चना बाजपेयी, निधि बाजपेयी, अर्चना शुक्ला, प्रभा शुक्ला, जयंती तिवारी, अंजू तिवारी, रौशनी तिवारी, मंजू मिश्रा, निशि तिवारी, कनक दुबे, संगीता मिश्रा, विजेता शर्मा, मनीषा शर्मा, अर्चना चौबे,श्रुति तिवारी, शकुन तिवारी, सीमा मिश्रा, कल्पना पांडेय, गरिमा शर्मा, यामिनी दुबे, अर्चना शर्मा दीनिता शर्मा, संगीता तिवारी, प्रतिभा मिश्रा, ने बधाई देकर उज्जवल जीवन की शुभकामनायें दी, बच्चों द्वारा बहुत ही मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नाट्य प्रस्तुति में राजनादगाँव से अपूर्वा द्विवेदी व राजिम से आई बिटिया ने जबरदस्त समां बांधा।इस अवसर पर संयोजक डॉ सरिता दुबे, उपाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, महासचिव सरिता तरूण शर्मा, रश्मि शर्मा, वन्दना तिवारी, संगठन विस्तार सचिव ईश्वर प्रसाद शर्मा, हितेश दीवान,उमेश मिश्रा,प्रकाशदुबे,प्रफुल्लजी, सीमा दीवान, नेहा (पूर्णिमा) शर्मा, पूर्णिमा तिवारी ना.प्र.सचिव, आशा शुक्ला,तुलिका तिवारी,सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिले से आये सभी पदाधिकारियों की, साथ ही समाज के विभिन्न संगठनों के ?पदाधिकारियों की भव्य उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन शंजिन्ता शुक्ला, संजय शुक्ला, भाग्यविधाता सम्मान वाचन सरिता दुबे, शंजिन्ता, कृष्णा जी, सुमन बाजपेई, द्वारा किया गया। सभी पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों जिनकी कार्यक्रम के सुचारू संचालन व सफ्लता में अहम भूमिका रही, सभी के प्रति प्रदेशाध्यक्ष ने आत्मीय आभार प्रकट किया व उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की है, साथ ही सफ्ल कार्यक्रम आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गणेश विसर्जन के दौरान दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत, गांवों में शोक की लहर

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** गणेश विसर्जन जैसे शुभ अवसर पर अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के दो गांवों में दुखद हादसे हो गए, जिससे पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। रविवार को विसर्जन



कार्यक्रम के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पहली घटना चिखली गांव की है, जहाँ 35 वर्षीय बल्देव कंवर, पिता कृष्णा कंवर, की तालाब में डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बल्देव विसर्जन के लिए पानी में उतरे थे, लेकिन गहराई में चले जाने के कारण वे वापस नहीं निकल सके। सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे से पूरे चिखली गांव में शोक की लहर है और मृतक के घर में मातम का माहौल है। दूसरी घटना जंतर गुंडरा गांव में हुई, जहाँ नोहर सिंह सलामे (23 वर्ष), पिता शिव कुमार सलामे, की भी विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई। यहां भी विसर्जन के समय वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं कि सार्वजनिक जल स्त्रोतों पर विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए जाते। दोनों गांवों में इन हादसों से गहरा दुख व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

# मोतीराम साहू सेवानिवृत्त विदाई वैष्णव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम भोथीपार खुर्द में राजाराम कंपनी में कर्मचारी श्री मोतीराम साहू डेक्सट्रोज प्लांट से 36 वर्ष सेवा



देने के बाद आज सेवानिवृत्त होने पर अध्यक्ष राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ योगेन्द्र दास वैष्णव ने मोती राम साहू सेवानिवृत्त पर उज्वल भविष्य कामना करते हुए दीर्घायु जीवन होने के ईश्वर कामना किया 36 वर्ष सेवा में सभी कर्मचारियों के साथ कुशल कार्य ईमानदार सरल स्वभाव धनी थे ग्राम बहेराभांठा निवास बालोद जिला पहुंचाया तथा कर्मचारियों ने शाल श्रीफ्ल सम्मान किया सुरक्षा अधिकारी बिसन सिंह इंचार्ज पीलु साहू विकास साहू फोरमेन पालक यादव आपरेटर केजनाथ यादव मनोहर यादव रुपचंद साहु नरेन्द्र साहु गणपत साहु कृष्णा साहु रमेश पटेल प्रदीप पटेल लोक चंद पटेल दिलेश्वर साहु लोरी यादव धनराज साहु ईश्वर साहू माखनलाल साहू अनुप राजेन्द्र साहू सहित कर्मचारी उपस्थित रहा।

# पीएम श्री विद्यालय में सम्पन्न हुआ पाँच दिवसीय इंटरशिप प्रोग्राम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ



इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में चल रहे पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, पीएम श्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1 से 6 सितम्बर तक ड्रोन टेक्नोलॉजी विषय पर इंटरशिप प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस (6 सितम्बर) पर मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न ड्रोन मॉडल्स का अवलोकन किया व उनकी सराहना की। साथ ही उन्होंने भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन को इस तरह के नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर श्री रक्षित सर रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़ी बारीक जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रोजेक्ट विद्यार्थियों के लिए रोज़गार के नए अवसर खोलते हैं तथा नवाचार के क्षेत्र में उनकी ज्ञानवृद्धि करते हैं। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# जोरातराई(ब) में चंडी महायज्ञ : 22 से 30 सितंबर तक भव्य आयोजन

## प्रवचन करेंगे पं. सूर्यकांत तिवारी, यज्ञ करेंगे पं. सौरभ पांडेय

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम जोरातराई(ब) में 22 से 30 सितंबर तक चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी मिलकर जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए हैं। गाँव में धार्मिक माहौल का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजन के प्रवचनकर्ता पं. सूर्यकांत तिवारी (गोढ़ी निवासी) होंगे वहीं यज्ञकर्ता पं. सौरभ पांडेय (काशी, उत्तरप्रदेश) रहेंगे। महायज्ञ में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है जिनमें जिला पंचायत सभापति व सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा भी प्रमुख रूप से शामिल होंगी। कार्यक्रम विवरण इस प्रकार से है कथा समय ङ्क प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक, 22 सितंबर, सोमवार (अश्विन शु. प्रतिपदा 1) ङ्क पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, यज्ञ आरंभ, महात्म्य।, 23 सितंबर, मंगलवार (प्रतिपदा 2) ङ्क हयग्रीव अवतार, शुकदेव एवं व्यासजी का जन्म, 24 सितंबर, बुधवार



(प्रतिपदा 3) ङ्क श्रीराम द्वारा देवी यज्ञ, भुवनेश्वरी देवी का सुदर्शन पर कृपा, 25 सितंबर, गुरुवार (प्रतिपदा 3) ङ्क नर-नारायण अवतार, श्रीकृष्ण चरित्र, 26 सितंबर, शुक्रवार (प्रतिपदा 4) ङ्क महिषासुर, शुम्भ-निशुम्भ वध, 27 सितंबर, शनिवार (प्रतिपदा 5) ङ्क वृत्तासुर संवाद, विष्णुजी का अवतार, एक वीर का जन्म, 28 सितंबर, रविवार (प्रतिपदा 6) ङ्क नारद विवाह, हरीशचंद्र कथा, तुलसी विवाह, 29 सितंबर, सोमवार (प्रतिपदा 7) ङ्क सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, चढ़ौत्री एवं शोभायात्रा, 30 सितंबर, मंगलवार (प्रतिपदा 8) ङ्क जन्मेजय द्वारा देवी यज्ञ, गायत्री सहस्त्र पाठ, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं प्रसाद वितरण। आयोजन समिति की कमान अध्यक्ष विनोद यादव संभाल रहे हैं। उपाध्यक्ष बुधराम देवांगन, सचिव मोतीलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष मोहन देवांगन, संरक्षक मनहरन यादव, सुमेरी यादव, राजेश साहू, इसके अलावा समिति में साहसराम, बंशी, प्रभुराम, जगत, खोरबाहरा, प्रदीप, मणी, धर्मेन्द्र, नारद, संतोष, शोभा, परमेश्वर यादव, डॉ. धर्मेन्द्र, भार्गव देवांगन, बिशेसर यादव, गंगाराम साहू, हरी नेताम, योगेश साहू, देवनारायण साहू, एवन साहू, कामता साहू, टाकेश सिन्हा, हीरामन साहू, तेजराम साहू, खेमलाल देवांगन, फ्कीरा देवांगन, तुलाराम देवांगन, मुकुंद साहू, योगेश लहरे, नीलकंठ यादव, रूपेन्द्र साहू आदि शामिल हैं।।युवा समिति में शेखर, कुलेश्वर, गजेन्द्र, गौतम, रूमेश, उमेन्द्र, भूपेन्द्र, जीतु, नितेश, हिमांशु, कृष, दीपक, नितिन, देव, रोशन, अमन, ललित, लोकेश, ओंकार समेत बड़ी संख्या में युवा सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्कार सिटी कॉलेज आफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा



आयोजित इस कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिक्षक दिवस को यादगार बना दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने संपन्न किया। इसके पश्चात् छात्र-छात्राओं ने परंपरागत तरीके से सभी शिक्षकों का तिलक कर श्रीफ्ल भेंट किया और उनका सम्मान किया। प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें गीत, नृत्य और नाट्य रूपांतरण शामिल रहे। वहीं मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण भी सहभागी बने। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. छाबड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक समाज का निर्माता होता है, और प्रशिक्षणार्थियों को चाहिए कि वे एक आदर्श शिक्षक बनने की दिशा में सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में कबीरधाम की बड़ी पहल ब्लूप्रिन्ट आधारित होगी त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेशभर में शिक्षा की गुणवत्ता उन्नयन के लिए गहन कार्ययोजना तैयार की जा रही है।



इसी कड़ी में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशन में कबीरधाम जिले में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाई देने के उद्देश्य से विशिष्ट विषय विशेषज्ञों की महती बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन 6 सितंबर को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, रानी दुर्गावती चौक, कवर्धा में किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा गुणवत्ता वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने का आह्वान किया गया है। उनके विज़न को मूर्त रूप देते हुए कलेक्टर ने जिले में शिक्षा के हर स्तर पर गुणवत्ता सुधार की ठोस कार्ययोजना पर बल दिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होगा कि जिले का कोई भी बच्चा परीक्षा में पिछड़े नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परिणाम अर्जित करे। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने भी सकारात्मक रूप से चर्चा करते हुए कहा कि मेरा पढ़ाया बच्चा फेल नहीं हो सकता है। यह विचार जिले की शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन अभियान का मुख्य सूत्र वाक्य बनकर उभराना चाहिए। स्वामी आत्मानन्द स्कूल में आयोजित बैठक में प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी स्तर तक के कुल 80 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा, सहायक संचालक एम.के. गुप्ता, यू.आर. चन्द्राकर, डी.जी. पात्रा, सतीश यदु (एम.आई.एस.), प्रशासक और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# करो योग रहो निरोग, झलमला में आज लगेगा नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के आम नागरिकों के स्वास्थ्य



संवर्धन और रोग निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आगामी 8 सितंबर 2025, सोमवार को कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बाजार चौक में विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश में आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। साथ ही लोगों को निरोगी जीवन जीने हेतु आयुर्वेद के प्रभावकारी सिद्धांतों और योग की विधियों की जानकारी भी दी जाएगी। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि विशेष में वात रोग, चर्म रोग, पेट के रोग, बच्चों के रोग, बवासीर, स्त्री रोग, पुरानी खांसी-श्वास, सर्दी-जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न व उच्च रक्तचाप, सिकलीन एवं वृद्धजन से जुड़े रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जताा है कि मैं श्रीमती संजना यादव पति नागेश्वर यादव निवासी ग्राम व पोस्ट भैंसातरा वार्ड नं. 5 तह. व जिला राजनांदगांव की निवासी हूं।

मैं यह शपथ करती हूं कि मेरा पुराना नाम कु. संजना **KUMARI SANJANA** के स्थान पर मैं अब अपना नया नाम श्रीमती संजना यादव **SANJANA YADAV** कर ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय , अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में संजना यादव पति नागेश्वर यादव के नाम से ही जाना व पहचाने जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं।

**श्रीमती संजना यादव**
**पति नागेश्वर यादव**
**निवासी ग्राम व पोस्ट भैंसातरा**
**वार्ड नं. 5 तह. व**
**जिला राजनांदगांव**


# सप्ताह के सितारे (08 सितंबर 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 3- 4 - 6 - 7 | 34-43-76-67-39-93 |
| मंगल | 1- 2 - 7 - 0 | 17-71-20-02-72-27 |
| बुध | 3 - 5 - 8 - 9 | 35-53-89-98-58-85 |
| गुरू | 3- 6- 9 - 0 | 36-63-60-06-29-92 |
| शुक्र | 4 - 5 - 6 - 7 | 45-54-46-64-37-73 |
| शनि | 1 - 3 - 5- 9 | 19-91-13-31-76-67 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 7 - 9
सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 05- 25 -79 -97

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 14 - 16 - 19 - 10 | (6) 61 - 64 - 68- 69 |
| (2) 21 - 23 - 24 - 26 | (7) 73 - 74- 77 - 70 |
| (3) 33 - 34 - 36 - 38 | (8) 81 - 83 - 86 - 88 |
| (4) 41 - 43 - 46 - 49 | (9) 91 - 94 - 97 - 90 |
| (5) 52 - 56 - 57 - 50 | (10) 01 - 04 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 06-11-09-09-68-69 | 20-04-09-16-45 |
| 83-91-75-42-**-72 | 60-55-73-58-** |
| 54-75-14-39-68-43 | 92-13-64-15-07 |
| 68-73-20-05-40-38 | 89-50-12-74-91 |
| 25-75-61-43-17-24 | 65-20-69-20-65 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# खेल से युवाओं में टीमवर्क,अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है - देवेन्द्र साहु

## ग्रामीण प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मिलता है मौका- मनोज कांडे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत बागरेकसा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री देवेन्द्र साहु जी (अध्यक्ष नगर पंचायत एल बी नगर) एवं श्री मनोज कांडे जी (मंडल अध्यक्ष भाजपा एल बी नगर), कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामाधार ओझा (ब्लाक अध्यक्ष कबड्डी संघ डोंगरगढ़), विशिष्ट अतिथि श्री हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री भाजपा), श्री ढालचंद मेश्राम (पूर्व सरपंच बागरेकसा), पवन कुमार नंदेश्वर (सरपंच बागरेकसा),शत्रुहन उइके (सरपंच पीटेपानी), सुनील दुधनांग (सरपंच कारूटोला), गुरूदयाल चंद्रवंशी, दुर्गेश सेन सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, क्षेत्र के खिलाड़ी एंव ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति को ऐसे प्रेरणादायक खेल कराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही कार्यक्रम में आमंत्रित करने एवं सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने आयोजन समिति को भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराते रहने का आग्रह किया।

# बहादुर कलारिन सम्मान हेतु 26 सितम्बर तक नामांकन व आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीडन् के खिलाफ संघर्ष एवं नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने प्रतिवर्ष बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान किया जाता है। बहादुर कलारिन सम्मान हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक 26 सितम्बर 2025 तक नामांकन व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।


# कार्यालय कार्यपालन अभियंता

## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

### संक्षिप्त जोनल निविदा सूचना क्रमांक-18

**क्रमांक / 1975/ वलेलि / ग्रायांसेवा / 2025-26** **राजनांदगांव, दिनांक 03.09.2025**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में ) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में में पहुंचने कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मोहला अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 2 | 40.00 | प्रथम बार | 18.09.2025 |
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगढ़ अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 | 40.00 | प्रथम बार | 18.09.2025 |
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग खैरागढ़ अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 | 30.00 | प्रथम बार | 18.09.2025 |
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग खैरागढ़ अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 2 | 30.00 | प्रथम बार | 18.09.2025 |
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग छुईखदान अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 | 30.00 | प्रथम बार | 18.09.2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 03.09.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 18.09.2025 सायं 5.30 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**राजनांदगांव**

जी-252603237/2

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में खबरों में रहा लाइम रोग किस कारक के कारण होता है?*
*2) किस संगठन ने उपभोक्ताओं को डार्क पैटर्न से बचाने के लिए जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड लॉन्च किया?*
*3) हाल ही में विश्व दूरस्थ शिक्षा दिवस कब मनाया गया है?*
*4) भारत की पहली स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन किस कंपनी ने बनाई है?*
*5) हाल ही में चन्ना नाची नामक एक नई स्नेकहेड प्रजाति किस राज्य में खोजी गई है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बैक्टीरिया (2) उपभोक्ता मामले विभाग (3) 31 अगस्त (4) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (5) मेघालय

## राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 14 सितम्बर को बिलासपुर में

**रायपुर।** क्षत्रिय राठौर समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2025 की 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 14 सितम्बर 2025 को बिलासपुर के स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में सम्मानित किया जाएगा। राठौर समाज के होनहार बच्चे यदि इस राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो अभी भी अवसर है आवेदन कर सकते है या संपर्क कर सकते हैं। प्रतिभा सम्मान आयोजन समिति एवं क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह क्षत्रिय राठौर समाज के 10वीं 12वीं कक्षा के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन देकर उनका मनोबल बढ़ाना है और उन्हें उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, ताकि वे और भी लगन व उत्साह से शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धियाँ हासिल कर सकें। राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए क्षत्रिय राठौर समाज के जो बच्चे आवेदन करने में छुट गए हैं वे आयोजक मंडल को अपनी पूरी जानकारी के साथ अंकसूची सहित श्री दुर्गेश राठौर 7000627284, श्री चुलेश्वर राठौर 9827113598, श्री विवेक राठौर 9098408975 और श्री प्रशांत सिंह से मोबाइल नंबर 9424263904 पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

## विशेष अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को किया गया जागरूक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय डोंगरगढ़ में 10 दिवसीय विशेष अभियान तथा बालिका सुरक्षा माह के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला मिशन समन्वयक जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र श्री किशोर माहेश्वरी द्वारा विद्यालय की किशोरी बालिकाओं को साईबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर से वीणा साहू एवं अश्वनी निर्मलकर ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को महिला सुरक्षा अंतर्गत विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं सखी निकेतन, सखी सदन, दहेज प्रथा, महिलाओं के अधिकार एवं पीड़िता को मिलने वाली मुफ्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। नितिन किशोरी वर्मा एवं तरूण चंद्रकाम ने बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, बालिका संप्रेक्षण गृह, महिला संप्रेक्षण, बाल श्रम, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, बच्चों के अधिकार और चाईल्ड हेल्प सहित महत्वपूर्ण सेवाओं के टोल फ्री नंबरों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान किशोरी बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं बालिका सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन स्पर्धा का भी आयोजित किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य राजेश कन्नौजे, कार्यक्रम प्रभारी आरती मिश्रा, अहिल्या उज्वने, के. भाटिया सहित लगभग 200 किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

# युगांतर में शिक्षक सम्मान समारोह का शानदार आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल और सस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विगत 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी,नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वतंत्र विकास के लिए चुनौतियों को सामना करना आना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में नैतिक शिक्षा से जुड़ी प्रभावी कहानी सुनाई । उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा और संस्कार का भी बड़ा महत्त्व होता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के विचारों को अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया।इसी तारतम्य में निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिन अपने गुरूओं के प्रति आभार प्रकट करने के लिए होता है। निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि शिक्षक का स्वरूप बहुत विराट है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का कार्य नहीं करता बल्कि वह विद्यार्थियों को अच्छा कार्य करने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने स्कूली शिक्षा




के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थी के जीवन में मील के पत्थर की तरह अमिट होती है। विद्यार्थी कभी भी अपने स्कूली जीवन और टीचर्स को नहीं भूलता। वरिष्ठ रिदम शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में संगीत की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। समारोह की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण द्वारा हुई। बारहवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का खूब आदर व सम्मान किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीतों व नृत्यों ने सबका मन मोह लिया। बारहवीं के विद्याथियों ने म्यूजिक स्किट प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने विषयवार अपनी रूचि और अरूचि को शानदार फिल्मी गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। समारोह को सफल बनाने में बारहवी के कक्षा शिक्षक, संगीत, नृत्य, कला विभाग ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी ने प्राचार्य के मार्गदर्शन में समारोह को ऐतिहासिक बनाया। इन्होंने विविध वस्तुओं के प्रबंध के लिए पीआरओ का भी सहयोग प्राप्त किया। समारोह में संस्था के प्रबंध समिति के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओ का उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र, रसायन शिक्षक मदनमोहन कालबाँधे के मार्गदर्शन में बारहवी के विद्यार्थियों ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षक दिवस को सफल बनाने में स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने शिक्षक सम्मान एवं चार्टर नाइट समारोह धूमधाम से मनाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी (सेवा की राह में) द्वारा शिक्षक सम्मान एवं चार्टर नाइट समारोह का आयोजन 05 सितम्बर 2025 को होटल एबीस ग्रीन में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील बरडिया ने किया।



कार्यक्रम की शुरुआत लायन अध्यक्ष अमीत खण्डेलवाल द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा के साथ हुई। इसके बाद लायन कंचन चौबे द्वारा ध्वज वंदन और दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में लायन अध्यक्ष अमीत खण्डेलवाल, चार्टर अध्यक्ष लायन गौतम बाफना, जोन चेयरमैन लायन श्रीमती शारदा तिवारी, रिजन चेयरमैन रूछ्स्न लायन राजकुमार शर्मा, पूर्व डिस्ट्रीक्ट गर्वनर पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना, पूर्व डिस्ट्रीक्ट गर्वनर एवं विशिष्ट अतिथि लायन एम.डी. माखीजा, विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह राजपूत, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कार्यक्रम संयोजक लायन राजा माखीजा (चार्टर ट्रेजरार), क्करूछ्स्न लायन बृज किशोर सुरजन शामिल रहे। स्वागत भाषण लायन अध्यक्ष अमीत खण्डेलवाल ने दिया। तत्पश्चात चार्टर अध्यक्ष लायन गौतम बाफना ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में समाज के प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिनमें प्रमुख हैं डॉ. अलोक मिश्रा (पूर्व प्राचार्य, कमलादेवी राठी महाविद्यालय), श्री मूरलीधर हरिहारनों (सेवानिवृत्त 1998), युगल किशोर तिवारी (सेवानिवृत्त प्राचार्य, मोहला), डॉ. पूजा साहू (सी.आर.सी. दिव्यांगजन), श्रीमती पद्मा साहू (आस्था मूक बधिर शाला, बसंतपुर), दिलीप कुमार (सेवानिवृत्त प्रांतीय शा. उच्च. महाविद्यालय केसरीटोला), डॉ. सुमन सिंह बघेल, डॉ. लुका (डीन, मेडिकल कॉलेज), डॉ. नागरत्ना (डीन, डेंटल कॉलेज), डॉ. नंदा (डीन, आयुर्वेदिक कॉलेज)। लायन एम.डी. माखीजा ने नये सदस्यों का इंडक्शन किया। चार्टर सम्बोधन पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना ने दिया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा लायंस क्लब सेवा का पर्याय है। समाज के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना ही लायंस क्लब की पहचान है। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि हमारे समाज में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है। आज सम्मानित हुए सभी शिक्षक केवल विद्यालय के ही नहीं बल्कि समाज के निर्माता भी हैं। चार्टर नाइट समारोह हमें यह याद दिलाता है कि संगठन की नींव सेवा और समर्पण पर आधारित है। मैं लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को उनकी सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। चार्टर सदस्यों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

## मदरसा गुलशन-ए-रज़ा में अजीमुश्शान तकरीर का हुआ आयोजन





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 13 रबी-उल-अव्वल को शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र के ताज नगर स्थित मदरसा गुलशने रजा में तकरीर और लंगर का प्रोग्राम किया गया। इस तकरीर में उत्तर प्रदेश के रामपुर से पहुंचे हजरत रियासत नूरी ने आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में बहुत ही खूबसूरत तकरीर पेश की। इस दौरान मदरसा परिसर नारे तकबीर से गुंजता रहा ।

मदरसा गुलशने रजा में हर साल की तरह इस साल भी बच्चों का नातिया प्रोग्राम, तकरीर और लंगर का अहतमाम किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। वहीं तकरीर के प्रोग्राम में शहर के जामा मस्जिद इमाम हाफिज कासिम रज़ा, हनफ़ी मस्जिद इमाम हाफिज युसूफ रज़ा, शाहे मदीना मस्जिद इमाम हाफिज अंसार, मोती मस्जिद इमाम हाफिज अहमद रज़ा, हाफिज हाजी सलीम रज़ा तहसीनी, हाफिज जाने आलम, हाफिज सोहेल हुसैन, हाफिज सईद और अब्दुल रहमान सहित उलेमा रौनक के स्टेज रहे।

**जहान में रहमत बनकर आए**

यूपी से पहुंचे खातिबो इमाम रियासत नूरी ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इस दुनिया में आमद और उनके करम को अपने तकरीर के माध्यम से बयां किया। उन्होंने अपनी तकरीर में कहा कि आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को हिंदुस्तान से काफी मोहब्बत थी। उन्होंने दुनिया में अमन, भाईचारा और शांति का पैगाम दिया। उन्होंने बताया कि किस तरह से हुजूर ने मानवता के भलाई के लिए काम किया ।पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पूरी कायनात के लिए अल्लाह का करम और रहमत लेकर आये। इस लिए उन्हे रहमतुल आलमीन भी कहा गया ।

**हुजूर की शान में नाते पाक**

तकरीर के मौके रौनके स्टेज उलेमाओं ने हुजूर की शान में काफी खूबसूरत नाते पाक और दरूदो सलाम पेश किया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील, युसूफ सूफी, कायम खान, शेख सुभानी, नासिर खान, शेख सुलेमान, निजामुद्दीन, शेख उस्मान, इमरान, इरफान सूफी, सैयद अफजल अली, डॉ. इरशाद आलम, मोहम्मद सद्दाम खान, रुस्तम अंसारी सहित बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं कं 1282 शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उपसमिति राजनांदगांव द्वारा दिनांक स्थान महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली राजनांदगांव में कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं महाराणा प्रताप सरस्वती जी के साथ महापुरुष की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जय घोष किया गया साथ कार्यक्रम शुरू के साथ समाज के वरिष्ठों का स्वागत किया गया वही देवेश सिंह ठाकुर के द्वारा सरस्वती वंदना एवं अपनी गीत की प्रस्तुति दी गई और शिक्षक दिवस की महत्व को बताया गया प्रयोग समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षक के महत्वता को समझ पाना आसान नहीं होता जो समझ जाता है वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर हो जाता है शिक्षक ही हमारे गुरुओं के साथ हमारे माता-पिता एवं हमारे मार्ग दिशा देने वाले होते हैं वहीं पूर्व अध्यक्ष रामसेवक सिंह जी ने कहा कि शिक्षक कि वह होते हैं जो हमको संस्कार की भाग डोर शिक्षा के साथ-साथ



बच्चों पर संस्कार आना बहुत जरूरी है वहीं पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह महावीर सिहं गहरवार प्रदीप गुगेल शत्रुघ्न सिंह ने अपने विचारों में शिक्षक की महत्व को समाज के बीच रखा उप समिति के पदाधिकारी के द्वारा सेवानिवृत्ति और उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान नारियल, गमछा, माला, पुरस्कार के साथ तिलक लगाकर सम्मान किया गया शिक्षकों के द्वारा भी अपने विचार समाज के कार्यक्रम के बारे में सहारा ना की गई कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के रूप में महिला सचिव माधुरी ठाकुर ने अपने विचार रखें और कहां की शिक्षक वह कड़ी होती है बच्चों के लिए जो मां-बाप से ज्यादा शिक्षा प्रदान करती है बच्चे भले ही परिवारों के बीच में ज्यादा समय रहते हैं लेकिन अगर स्कूल पर विद्यालय में कम समय भी रहते हैं तो वह गुणी और संस्कारी और शिक्षित बनते हैं। गुरु वहां ज्ञान प्रदान करता है जिससे शिष्य अपने दिमाग में लेकर जाता है मैं कविता के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह की लाखों पाए दिऐ बताऐ बलिहारी से अपनी बात रखी और आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन सचिव रघुनंदन सिंह के द्वारा किया गया उप समिति के निधन हुए स्वजाति को 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया कार्यक्रम में उप समिति उपाध्यक्ष संतोष सिंह चंदेल ,कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैस, उप सचिव आदर्श सिहं ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिंह सिकरवार, घनश्याम सिंह चंदेल ,बजरंग बहादुर सिंह ,अजीत सिंह मनोनीत कार्यकारिणी कीर्ति विनोद ,आरती गौतम, महिला अध्यक्ष शशि चौहान , युवा अध्यक्ष विवेक सिंह सचिव लेखन सिहं ,रीना राजपूत कविता गौतम, वहीं शिक्षक सम्मान बांके सिहं,वाणी विलास सिहं,दिनेश सिहं,दुर्गा चौहान, नर्मदा ठाकुर,चंदन सिहं,दलजीत सिहं,अमिता सिंह,सोनाली सिहं,सुशीला बघेल,दिपीका बघेल,काजल ठाकुर,शीला ठाकुर,ज्योति पवार, व्यास नारायण सिंह, प्रांजल सिंह, रविंद्र सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह,कुमारी भारद्वाज आदि सेवानिवृत्ति उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान किया गया।

## धर्म समाचार....

# मृत्यु के बाद शिव भक्त किस द्वार से करते हैं यमलोक में प्रवेश? गरुड़ पुराण में छिपा है पूरा सच




देवों के देव महादेव की महिमा अपरंपार है। अपने भक्तों पर भगवान शिव विशेष कृपा बरसाते हैं। उनकी कृपा से साधक को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त संकटों से मुक्ति मिलती है। शिव भक्तों का यमलोक में भव्य स्वागत किया जाता है। सनातन धर्म में गरुड़ पुराण का विशेष महत्व है। इस ग्रंथ में जन्म-मृत्यु और मोक्ष के बारे में विस्तार से बताया गया है। व्यक्ति को अपने जीवन काल में किए गए कर्मों के अनुसार फल मिलता है। अच्छे कर्म करने वाले लोगों को पुण्य के हिसाब से उच्च लोक में स्थान मिलता है। वहीं, बुरे कर्म करने वालों को न केवल दंड दिया जाता है, बल्कि उसे नरक का दुख भी भोगना पड़ता है। लेकिन क्या आपको पता है कि भगवान शिव के भक्तों को मृत्यु के बाद यमलोक में किस द्वार से प्रवेश मिलता है? आइए, इसके बारे में विस्तार से जानते हैं-

**गरुड़ पुराण**

तृतीय: पश्चिमो मार्गो रत्न मन्दिर मंडित: । सुधा रस्स दा पूर्ण दीर्घिका भिर्विराजित: ॥ ॥

ऐरावत्कुलोद्भूत मत्तमात-संकुल: ।। उच्चै:श्रवसमुत्पन्न-रत्नसमन्वित: ॥

एतेनात्मपरा यान्ति सच्चस्त्रपरिचिन्तका: । अनन्यविष्णुभक्ताश्च गायत्रीमंत्रजापका: ॥

परहिंसापरद्रव्यपरवादपरामुखा: ।। स्वदार्निरता: सन्त: साग्निका वेदपाठका: ॥

ब्रह्मचर्यव्रतधरा वानप्रस्थास्तपस्विन: । श्रीपादसंन्यास्परा: समलोष्टाश्मकञ्चना: ॥

ज्ञानवैराग्यसम्पन्न: सर्वभूतहिते रता: । शिवविष्णुव्रतकर: कर्मब्रह्मसमर्पका: ॥


त्रऋृणैस्त्रिभिर्विनिर्मुक्त: पंचयज्ञरत: सदा। पितार्निं श्राद्धदातार: काले सयममुपासका: ॥

नीचसङ्गविनिर्मुक्ता: सत्सङ्गतिपरायणा: । एतेऽप्सरोगनैर्युक्ता विमानवरसंस्थिता: ॥

सुधापानं प्रकुर्वन्तो यान्ति ते धर्ममन्दिरम्। विशन्ति पश्चिमद्वारे यान्ति धर्मसभान्तरे ॥

यमस्तानागतां दृष्ट्वा स्वागतं वदते मुहु:। समुत्थानं च कुरुते तेषां गच्छति सम्मुखम् ॥

भगवान नारायण गरुड़ पुराण के चौदहवें अध्याय में कहते हैं कि यमलोक में चार द्वार हैं। दक्षिण द्वार से पापीगण यमलोक में प्रवेश करते हैं। पापियों को तत्क्षण फैसला सुनाकर नरक लोक में भेज दिया जाता है। वहीं,



मृत्यु के बाद शिव भक्तों को तीसरे यानी पश्चिम द्वार से यमलोक में प्रवेश मिलता है। उस समय विमान से शिव भक्त यमलोक पहुंचते हैं। जब मृत्यु के बाद शिव भक्त यमलोक पहुंचते हैं, तो स्वयं धर्मराज उनका स्वागत करते हैं। साथ ही उनके बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं।

इस समय यमलोक में उपस्थित सभासद खड़े होकर शिव भक्त को प्रणाम करते हैं। वहीं, धर्मराज द्वारा उनकी पूजा भी की जाती है। शिव भक्तों की प्रसंशा कर धर्मराज आगे कहते हैं कि तुच्छ लोग पृथ्वी पर धन का संचय करते हैं, जो साथ नहीं आता है। इस दौरान वह पाप का भागी बनता है। वहीं, धर्म संचय करने वाले लोगों को न केवल पृथ्वी लोक पर बल्कि मृत्यु के बाद यमलोक में भी ऊंचा स्थान मिलता है। शिव भक्तों को पुण्य कर्मों के अनुसार उच्च लोक में स्थान मिलता है।

## घर में कछुए की मूर्ति रखने से मिलते हैं कई फायदे इन वास्तु नियमों का रखें ध्यान

आपने कई लोगों को अपने घर में कछुए की तरह-तरह की मूर्ति रखते हुए देखा होगा। कई लोग इसे केवल एक सजावट की वस्तु की तरह इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप अपने घर में वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान रखते हुए कछुए की मूर्ति रखते हैं तो इससे आपके धन-समृद्धि और सौभाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। साथ ही इससे और भी कई सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।



माना जाता है कि जिस घर में वास्तु शास्त्र के नियमों का ध्यान रखा जाता है, वहां हमेशा सुख-समृद्धि का माहौल बना रहता है। वहीं वास्तु नियमों की अनदेखी करने पर व्यक्ति को वास्तु दोष का सामना करना पड़ता है, जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह अपने घर में कछुए की मूर्ति रख सकते हैं, जिससे आपको लाभ होगा।

**मिलते हैं ये फायदे**- वास्तु शास्त्र में माना गया है कि घर में कछुए की मूर्ति रखने से जीवन में धन-समृद्धि और सौभाग्य का आगमन होता है। साथ ही इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी बढ़ता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर बनी रहती है। इतना ही नहीं वास्तु के अनुसार, घर में कछुए की मूर्ति रखने से वास्तु दोष भी दूर होता है।

**किस दिशा में रखना है शुभ**- कछुए की मूर्ति को हमेशा घर की उत्तर या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। इससे आपको अच्छे परिणाम मिलने लगते हैं। इस दिशा में पीतल, सोना या फिर चांदी से बनी कछुए की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। वहीं अगर आप क्रिस्टल से बनी कछुए की मूर्ति रख रहे हैं, तो इसे ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। इसके साथ ही वास्तु शास्त्र में कछुए की इस तरह की मूर्ति घर में रखना शुभ माना गया है, जिसमें कछुआ पानी के अंदर हो। इस पानी को रोजाना बदलना चाहिए।

बच्चों की पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के लिए भी कछुए की मूर्ति रखना काफी शुभ माना जाता है।

nandgaon times sep-08-2.qxd 9/7/2025 10:56 PM Page 4






# सेवा पखवाड़े के जरिए समाज और लोगों को जोड़ेगी भाजपा

## जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक एवं सहसंयोजक बनाए गए



**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी । प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत जी की सहमति से आगामी सेवा पखवाड़ा का विशेष अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से प्रारंभ होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस (02 अक्टूबर) तक चलेगा । श्री राजपूत ने कहा कि सेवा पखवाड़े के जरिए हम समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक सेवा कार्यों का विस्तार करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक प्रयास करेंगे । मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस हेतु जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक एवं दो सह संयोजको को जवाबदारी दी गई है । सेवा पखवाड़े हेतु जिला संयोजक की महती जवाबदारी जिला महामंत्री सौरभ कोठारी को दी गई है सहसंयोजक वीरेंद्र साहू, जैन कुमार मेश्राम, गिन्नी चावला एवं रामकुमार गुप्ता बनाए गए हैं। इसी तरह से राजनांदगांव उत्तर के संयोजक नागेश यदु, सहसंयोजक विनोद भारती एवं श्रीमती नेहा शर्मा को बनाया गया है। दक्षिण मंडल का संयोजक रवि सिंहा एवं सहसंयोजक प्रकाश मारकंडे एवं प्रवीण शुक्ला को बनाया गया है। राजनंदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल का संयोजक गोविंद देवांगन एवं सहसंयोजक बुद्धेश्वर साहू एवं गोपाल साहू को बनाया गया है। राजनंदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल का संयोजक हेमदीप साहू एवं सहसंयोजक हेमलाल साहू एवं कोमल टंडन को बनाया गया है। डोंगरगढ़ शहर मंडल का संयोजक कैलाश सोनवानी एवं सहसंयोजक श्रीमती अलका सहारे एवं अजय शर्मा को बनाया गया है। डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल का संयोजक मनीष सोनी एवं सहसंयोजक हम कुमार साहू एवं जितेंद्र गेन्ड्रे को बनाया गया है । घुमका मंडल का संयोजक ललित साहू एवं सहसंयोजक अनिल नागपुर एवं गोविंदा सेन को बनाया गया है । तिलई मंडल का संयोजक राकेश साहू एवं सहसंयोजक रवि वर्मा एवं महेश सेन को बनाया गया है । छुरिया मंडल का संयोजक खिलेंद्र साहू एवं




सहसंयोजक भुखान धनकर एवं आनंद शुक्ला को बनाया गया है । गेंदाटोला मंडल का संयोजक घासी साहू एवं सहसंयोजक एस कुमार सिन्हा, एवं चित्रागन साहू को बनाया गया है । कुमरदा मंडल का संयोजक भूपेंद्र नायम एवं सहसंयोजक ईश्वर निर्मलकर एवं चोवा साहू को बनाया गया है । डोंगरगांव मंडल का संयोजक पुरुषोत्तम साहू एवं सहसंयोजक लक्ष्मी नारायण सेन एवं वीरेंद्र साहू को बनाया गया है । लाल बहादुरनगर मंडल का संयोजक उपकार सिंह बघेल एवं सहसंयोजक रामकुमार ताम्रकार एवं चंद्रप्रकाश देशमुख को बनाया गया है । तुमडीबोड मंडल का संयोजक टीकम पटेल एवं सहसंयोजक हेतु राम साहू एवं कमलेश वर्मा को बनाया गया है । मुसरा मुरमुंदा मंडल का संयोजक रामावतार वर्मा एवं सहसंयोजक टिकेश्वर साहू एवं महावीर साहू को बनाया गया । अर्जुनी मंडल का संयोजक महेश कुमार साहू एवं सहसंयोजक भानु सोनी एवं मनोज साहू को बनाया गया है । जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया की सेवा पखवाड़े के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव द्वारा कार्यशाला के माध्यम से इस पखवाड़े का उद्घघाटन किया गया है। उन्होंने सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से विनम्र अनुरोध किया है कि इस सेवा पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें एवं समाज में अपना योगदान दें।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में शिक्षक अभिभावक बैठक संपन्न

## विद्यार्थियों की प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा अभिभावकों ने सराहा विद्यालय की उपलब्धियां

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का अलख जलाए रखने वाली एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की शाला रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में आज प्रथम इकाई परीक्षा (फर्स्ट यूनिट टेस्ट) के उपरांत पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल साहू प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ इसके बाद संस्था के आदरणीय पापा जी रिस्पेक्टेड जे. बी. सर तथा पूजनीय मां जी को 1 मिनट की श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात प्रधानाचार्य जी ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इसके बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों की परीक्षा के परिणाम प्रस्तुत किये और प्रत्येक छात्र की प्रगति तथा सुधार के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की मीटिंग में शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की परीक्षा में प्राप्त अंक विषय वार प्रगति और उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया साथ ही जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता है उस पर मिलकर काम करने की अपील की। अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षक स्तर अनुशासन और विद्यार्थियों की गतिविधियों की भूरि - भूरि प्रशंसा की कई अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की नियमित बैठक उन्हें बच्चों की पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास की वास्तविक स्थिति जानने का अवसर देती है कुछ अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों को प्रशंसनीय और प्रेरणादाई बताया। संस्था के प्रशासक श्री संजय बहादुर सिंह डायरेक्टर श्री सावंत बहादुर सिंह श्री जन्मेजय बहादुर सिंह के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया उन्होंने भी अपने संबोधन में कहाज्हमारा लक्ष्य केवल अच्छे अंक प्राप्त कराना ही नहीं बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करना भी है अभिभावक और शिक्षक यदि एक जुट होकर काम करें तो बच्चों का भविष्य और भी उज्जवल बनाया जा सकता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने अपने संबोधन में कहांज्विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं बल्कि बच्चों को आत्मनिर्भर जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाना भी है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह ,उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह ,अकैडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल बरसर आई के वैष्णव ने सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों को हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि च्अभिभावक शिक्षक और विद्यार्थी तीनों का त्रिकोण ही शिक्षा को सार्थक बनाता है आपके सहयोग और विश्वास से ही हम बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे और और बच्चों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने का प्रयास जारी रखेंगे।






| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि | आसान मासिक EMI |
|---|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 | ₹170 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 | ₹341 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 | ₹818 |


प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com